>

13.04 hrs

MR. SPEAKER: Matters under Rule 377, listed for the day, may be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to start a F.M. Radio Station in Amreli, Gujarat laid. *h

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली पूरी तरह से खेतीबाड़ी पर आधारित है। मेरे क्षेत्र के लोगों ने कई प्रतिवेदन देकर अमरेली में एफ.एम. प्रसारण की सुविधाएं दिये जाने हेतु अनुरोध किया है। यहां के मजदूर और किसानों के पास मनोरंजन के साधन नहीं हैं और आधुनिक किस्म के मनोरंजन के उपकरण खरीदने में सक्षम नहीं हैं। रेडियो ही एक ऐसा साधन है जिसे किसान और मजदूर खरीद सकता है। आधुनिक समय में सरकार एफ.एम. के माध्यम से मनोरंजन साधन उपलब्ध करा रही है, परन्तु अभी तक मेरे संसदीय क्षेत्र में एफ.एम. के प्रसारण की शुरूआत नहीं हुई है। यहां के लोगों ने एफ.एम. प्रसारण शुरू करने की मांग की है जिसे तत्काल प्रसारित किया जाना अति आवश्यक है। इस संबंध में लोगों की मांग के कारण सदन में मैंने कई बार इस संबंध में सवाल उठाये हैं एवं सदन में विशेष मामलों के तहत विषय को कई बार उठाया है एवं संबंधित मंत्री जी को कई बार इस संबंध में पत्र भेज चुका हूं।

अतः सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एफ.एम. रेडियो का प्रसारण इसी वित्तीय वर्ष में आरंभ किया जाये।

*Treated as laid on the Table